दिनांक-06.12.2024 समय-7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

## प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन।
- आज बाबा साहेब अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन।
- कल से नर्मदापुरम में होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन। मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन।
- भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आज से एडिलेट में खेला जाएगा दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच।

प्रधानमंत्री-अष्टलक्ष्मी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत मंडपम नई दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। तीन दिन के महोत्सव में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों की संस्कृति, कपड़ा उद्योग, हस्तशिल्प और पर्यटन के अलावा वहां के अनूठे उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। देश के पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को सामूहिक रूप से अष्टलक्ष्मी कहा जाता है।

महोत्सव के दौरान, 250 से अधिक शिल्पकार 34 जीआई-टैग वाली वस्तुओं सहित अद्वितीय हस्तशिल्प, हथकरघा और कृषि-बागवानी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

महापरिनिर्वाण दिवस

आज बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि है। भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता डॉक्टर आम्बेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य प्रमुख नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। डॉ. आम्बेडकर एक न्यायविद, विचारक, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपना जीवन समानता की वकालत करने और जाति आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबासाहेब को 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। प्रदेश में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। खंडवा के खालवा तहसील कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संविधान प्रबोधक हेमराज सिंह पटेल होंगे।

## पल्स पोलियो अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 8 से 10 दिसंबर तक प्रदेश के 16 जिलों में पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। इनमें भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगोन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त नागरिकों से आहवान किया कि सब मिलकर परिवारों को प्रोत्साहित करें और नवजात बच्चों से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियों की दवा जरूर पिलाएं।

## रीजनल कॉन्क्लेव

नर्मदापुरम में कल होने वाले रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई है। एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक विशाल सिंह चौहान ने कल कॉन्क्लेव की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इससे नर्मदापुरम संभाग का औद्योगिक परिदृश्य बदलेगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य संभाग में निवेश के अवसर पैदा करना और इसकी विशेषता को दुनिया के सामने रखना है। उन्होंने बताया कि कॉन्क्लेव में नर्मदापुरम सहित हरदा और बैतूल जिले के उत्पादनों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। साथ ही स्थानीय उत्पादनों पर आधारित सेक्टोरियम सत्र भी आयोजित किएं जाएंगे। कॉन्क्लेव में पर्यटन बांस उद्योग सांगौन रीन्यूवल ऐनर्जी, सुक्षम लघु उद्योग पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव कॉन्क्लेव का शुभारंभ कर उद्योगपतियों से वन-टू-वन मीटिंग और राउण्ड टेबलवार मीटिंग करेंगे। अब तक 4 हजार 800 लोगों ने अपने रजिस्ट्रेशन कराएं हैं, जो कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।

## कैंसर अस्पताल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कल देर रात भोपाल के ईदगाह हिल्स स्थित जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल का दौरा किया। और रोगियों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्थिक रूप से कमजोर सीधी जिले की श्रीमती तारा पांडे के उपचार के लिए होने वाले व्यय का भुगतान शासन की ओर से करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन द्वारा शासकीय चिकित्सालय में जांच और औषधियों की नि:शुल्क व्यवस्था की है।

## गीता जयंती

प्रदेश में 11 दिसंबर को गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जायेगा। उज्जैन में 8 से 12 दिसंबर तक कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में महोत्सव होगा। भोपाल में 11 दिसंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य समारोह होगा। इंदौर के लता मंगेशकर सभागार में सांस्कृतिक संध्या होगी। जिला मुख्यालयों में श्रीकृष्ण परंपरा आधारित सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ जिला कारागार में श्रीमदभागवद् गीता के कर्मयोग अध्याय का पाठ किया जायेगा। उज्जैन में पाँच दिवसीय महोत्सव के पहले दिन गीतकार मनोज मुंतशिर का गीता संवाद होगा। इसके बाद सुमन

साहा निर्देशित महानाट्य गुरू दक्षिणा का मंचन होगा। 9 दिसबंर को संजीव मालवीय निर्देशित महानाट्य कृष्णायन की प्रस्तुति होगी। अगले दिनों में गीता आधारित प्रतियोगिताएँ और संगोष्ठी का आयोजन होगा। सांस्कृतिक संध्या में भजन गायिका सुश्री कलापिनी कोमकली प्रस्तुती देंगी। ग्यारह दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसमें प्रवचन, 5108 आचार्यों द्वारा गीता पाठ, किया जाएगा।

पीएम आवास-रायसेन

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। रायसेन जिले में भी सर्दी, गर्मी और बारिश के दिनों में जहां लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था वहीं अब पक्के घर बन जाने से इन लोगों को विभिन्न मौसमों में होने वाली कई परेशानियों से निजात मिली है। योजना के लाभार्थी विजय शक्या और मुकेश अहिरवार ने बताया ...

बाइटः- विजय शाक्या

बाइट-मुकेश अहिरवार

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच आज से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। मैच सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगा। यह मैच दिन-रात का होगा और यह गुलाबी गेंद से खेला जाएगा।

पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ भारत 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में 8 दिसम्बर से ठंड का नया दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी इलाकों में मौसम बदलने से ठंड बढ़ेगी। कल भोपाल में न्यूनतम तापमान 13 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज दोपहर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। शाम को पचमढ़ी में एक होटल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई आज अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में गठित समिति मौद्रिक नीति पर बुधवार से विचार-विमर्श कर रही थी।

- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा "मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना" के तहत 1 हजार 305 युवाओं को ऑन द जॉब ट्रेनिंग दी जायेगी। 16 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जानकारी बेवसाइट चवतजंसण्उचब्रण्पद पर देखी जा सकती है।
- खण्डवा में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अतंर्गत निक्षय शिविर का शुभारंभ कल किया जाएगा। नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम होगा।
- भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र में एक बस पलटने से हुए हादसे में कई लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दो की हालत गंभीर है।
- शिवपुरी में 100वां विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह अंतर्गत संगोष्ठी एवं गायन कार्यक्रम कल टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।
- अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह चौहान ने कल आगरमालवा में 61 गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया।

-------------